मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल—462004

क्रमांक एम. 19-105/1997/1/4 भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 1997

प्रति,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश.

विषय.—प्रभारी अधिकारी द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में शासन के विरुद्ध हुए निर्णयों में अपील निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के संबंध में निर्देश.

संदर्भ.— (1) ज्ञापन क्रमांक एम. 19-105/1997/1/4, दिनांक 30 मई, 1997,
(2) ज्ञापन क्रमांक एफ. 11-10/97/9/1, दिनांक 01 सितम्बर, 1997.

उपरोक्त विषय में संदर्भित ज्ञापनों का कृपया अवलोकन करें, जिसके अंतर्गत विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में नियुक्त प्रभारी अधिकारियों की भूमिका और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने के साथ-साथ स्थानान्तरण हो जाने पर चार्जनोट लिखे जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये थे.

2. राज्य शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि अनेक न्यायालयीन प्रकरणों में शासन के विरुद्ध निर्णय होने पर अपील समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं की जाती है और समय बाधित हो जाती है. अपील समय बाधित हो जाने के कारण विशेष छूट देने के लिये माननीय न्यायालय से अनुरोध करना पड़ा है.

3. अतः ऐसी व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाये कि शासन के विरुद्ध हुए निर्णयों में अपील निर्धारित समय में प्रस्तुत की जाये. इसके लिये जो अधिकारी निचली अदालत में प्रभारी अधिकारी था, उसी की जिम्मेदारी तय की जाये कि वह समय-सीमा के अंदर अपील अपीलीय न्यायालय में प्रस्तुत करवाए.

4. जिला स्तर पर न्यायालयीन प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने, जवाबदावा प्रस्तुत करने एवं निर्णय के पश्चात् निर्धारित अवधि में अनुवर्ती कार्यवाही यथा निर्णय का पालन अथवा अपील प्रस्तुत करने की नियमित समीक्षा कलेक्टर्स द्वारा की जाये.

5. उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाय.

हस्ता./
(किरण विजय सिंह)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृष्ठांकन क्र. एम. 19-105/1997/1/4 भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 1997

प्रतिलिपि :

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश,
समस्त विभागाध्यक्ष, मध्यप्रदेश,

रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर,

सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश, इन्दौर,

राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल,

मुख्य मंत्री के सचिव, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल,

सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल,

सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल,

सचिव, मानव अधिकार आयोग/अल्पसंख्यक आयोग, मध्यप्रदेश भोपाल,

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश, भोपाल,

---

अवर सचिव (स्थापना), मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल,

अवर सचिव (अधीक्षण), मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल,

मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश, मंत्रालय, भोपाल,

मुख्य सचिव के स्टाफ आफीसर, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./-
(सीमा शर्मा)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.